nandgaon times JULAI-03-4.qxd 7/3/2025 12:09 AM Page 1

जिले में बारिश होते ही खेती-किसानी... पृष्ठ 2 | कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

गुरुवार, 03 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 253, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## मुख्यमंत्री साय ने जीएसटी विभाग की समीक्षा बैठक में कर अपवंचन पर सख्ती के दिए निर्देश

### छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन में ऐतिहासिक बढ़तः 18 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ देश में अव्वल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कर संग्रहण बढ़ाने के उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कर की राशि का उपयोग देश और प्रदेश के विकास कार्यों में होता है, इसलिए सभी को ईमानदारी पूर्वक कर अदा करना चाहिए। श्री साय ने कहा कि जो लोग कर (जीएसटी) की चोरी करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनसे कर की वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को जीएसटी एवं वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का कर राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38त्न है। छत्तीसगढ़ ने 18त्न की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

बैठक में वित्त एवं वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने विभागीय जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जीएसटी संग्रहण हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे भी नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कर अपवंचन के मामलों एवं उनसे निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की नवाचारी पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण की औसत समय सीमा को 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दिया गया है। बैठक में अधिकारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाइयों एवं कर चोरी की राशि की वसूली की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों से शासन के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी 33 जिलों में जीएसटी कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जिससे कर संग्रहण एवं जीएसटी से जुड़ी सेवाओं का कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर श्री पुष्पेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा पत्रकारों को 5 जुलाई को दिया जाएगा प्रशिक्षण



**रायपुर।** विधानसभा सचिवालय द्वारा पत्रकारों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 जुलाई को किया जा रहा है। शिविर में वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी, डॉ. संजय द्विवेदी एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आवश्यक टीप्स देंगे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार यह प्रशिक्षण दो पालियों में दिया जाएगा। पहले सत्र में माखन लाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के डॉ. संजय द्विवेदी पत्रकारों को विधानसभा की निष्पक्ष रिपोर्टिंग एवं नियम कानून की आवश्यक जानकारी देंगे। ध्यानकर्षण, स्थगन प्रस्ताव सहित अन्य विषयों पर भी सटिक चर्चा करेंगे। इस अवसर विधानसभा सचिवालय के सचिव डॉ. दिनेश शर्मा उपस्थित रहेंगे। ज्ञात रहे विधानसभा सचिवालय द्वारा गत दिवस मंत्रियों के ओएसडी सहित निज सहायक को प्रशिक्षण दिया गया था।

## पार्षद शैकी बग्गा ने शीतला माता वार्ड नं. 24 के जमातपारा और दीवानपारा क्षेत्र का भ्रमण किया, जाना हालचाल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वार्ड 24 के पार्षद शौकी बग्गा ने जनमानस से संवाद किया, उनकी शिकायतो और मांग को समझा और संबंधित विभाग से निराकरण करवाया। जनमानस को आयुष्मान कार्ड आयुष्मान ऐप से तुरंत बना के दीया। जनमानस को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतरगत राशन कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी भी दी। जनमानस को पीएम आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दीया ताकि वे आत्मनिर्भर और जॉब क्रिएटर बन सकें। श्रमिक परिवार को श्रमिक कार्ड का पंजीकरण, संसोधन और नवीनीकरण करवा के दिया तथा श्रमिको के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ को बताकर आवेदन करवाया। मेरी प्राथमिकता जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, जनमानस की सेवा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैं प्रयास कर रहा हूं।

## कलेक्टर ने बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य बंद करने पर कान्ट्रेक्टर्स को कड़ी चेतावनी देते हुये अनुबंध निरस्तीकरण की अंतिम सूचना देने के दिए निर्देश

### कार्य बंद करने वाले 81 कान्ट्रेक्टर्स को अंतिम कारण बताओ नोटिस किया गया जारी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जल जीवन मिशन डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल के तहत कान्ट्रेक्टर्स के अनुबंधित कार्यों तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कान्ट्रेक्टर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान सहायक अभियंताओं द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित विकासखंडों में कुछ ठेकेदारो द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य बंद कर दिया गया है, जिस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कान्ट्रेक्टर्स को कड़ी चेतावनी देते हुये अनुबंध निरस्तीकरण की अंतिम सूचना देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश पर उपखंड एवं खंड स्तर पर कुल 81 कार्यरत ठेकेदार, जिसमें राजनांदगांव विकासखंड में कार्यरत 39, डोंगरगांव विकासखंडमें कार्यरत 9, डोंगरगढ़ विकासखंड में कार्यरत 17 तथा छुरिया विकासखंड में कार्यरत 16 ठेकेदारों, जिन्होंने कार्य बंद कर दिया है, उन्हें अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ठेकेदारों द्वारा पर्याप्त एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने से संबधित ठेकेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए अनुबंध को निरस्त कर निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि को शासन के पक्ष में राजसात करने के निर्देश दिए। साथ ही संबधित ठेकेदार को आगामी 1 वर्ष के लिए राजनांदगांव जिले के किसी भी निविदा में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित कर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य सचिव श्री समीर शर्मा सहित अन्य सहायक अभियंता एवं उपअभियंता एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## मितानिनों को सक्रिय करने के लिए वृहद चिंतन बैठक का किया गया आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में गांव में स्वास्थ्य की देख-भाल के लिए मितानिनों को



सक्रिय करने की दृष्टि से वृहद चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में मितानिनों की बैठक लेकर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिक, किशोरी बालिका, नवजात शिशु, गर्भवती माता, शत प्रतिशत टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, हाई रिस्क गर्भवती माता की जांच, देखभाल एवं कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर होने के लिए पालक चौपाल एवं पोट्ठलईका कार्यक्रमों में सहभाग होने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। जिससे सभी मितानिनों की सक्रियता एवं सहभागिता शतप्रतिशत बनी रहे। बैठक में बताया गया कि मितानिनों द्वारा सभी वर्गों के लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा रहा है।बैठक में ब्लाक कोऑर्डिनेटर, मितानिन प्रशिक्षकों एवं मितानिनों को बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना तथा बीमारी की देखभाल करना यह हमारा कर्तव्य है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला सहयोगी की भूमिका में सामने खड़ा रहेगा। प्रत्येक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाने एवं नागरिकों का स्वास्थ्य देखभाल करने का संकल्प लिया गया। बैठक में सहायक जिला नोडल मितानिन कार्यक्रम श्री अनिल श्रीवास्तव, डीपीएम श्री संदीप ताम्रकार, श्री संतोषी देवांगन, प्रतिमा बेलकर, सरिता साहू, चित्ररेखा साहू , मीना देवदास , उमा वर्मा, संतोषी पाल, कमलेश्वरी, प्रेरक, कोऑर्डिनेटर तथा मितानिन उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम के स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर 5 जुलाई को अपना 6वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रधान संस्थापक व मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान के साथ ही वृक्षारोपण व नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना सेवाएं देंगी। ज्ञात हो कि शहर के वार्ड नंबर 1 बाबुटोला स्थित प्रसिद्ध शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर का 6वां स्थापना दिवस 5 जुलाई शनिवार को मनाया जा रहा है। शक्तिधाम के संस्थापक हरीश यादव ने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष हमारी जनसेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कुछ न कुछ जनसेवा के कार्य आयोजित करती आयी है। हमारी संस्था का मूल उद्देश्य सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाए के चरितार्थ पिछले वर्षो में भी रक्तदान, वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जहां प्रदेश के दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में भक्तगण रक्तदान करने पहुंचे थे। हमारी सेवा संस्था द्वारा ग्रीष्म में रेल यात्रियों को शीतल पानी पिलाना, वृद्धा आश्रम में भोजन सेवा, अभिलाषा मुकबधीर शाला में लेखनी सामग्री वितरण सहित स्टेशनो व फुटपाथ में रहने वालों को आवश्यक सामग्री भेंट कर सेवा किया जाता रहा है। श्री यादव ने बताया कि इस वर्ष 5 जुलाई शनिवार को शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान का आयोजन किया जा रहा है। वहीं वृक्षारोपण भी किया जायेगा। इस वर्ष मंदिर के दर्शनार्थियों की अपील पर नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना जी सेवा देंगी। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कलेक्टर ने सज्जन टान्डेकर को तीन माह के लिए किया जिला बदर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डोंगरगांव तहसील के ग्राम रामपुर निवासी सज्जन टान्डेकर को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना एवं पारिवारिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आगामी 3 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। उन्होंने सज्जन टान्डेकर को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 30 सितम्बर 2025 के पहले प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा, यदि इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## श्री हनुमान सेवा समिति का तृतीय चरण, मंदिरों में निरंतर पीतल की गदा अर्पण





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री हनुमान सेवा समिति, छत्तीसगढ़ के संरक्षक नीलू शर्मा के मार्गदर्शन में समिति द्वारा तृतीय चरण में लगातार हनुमान मंदिरों में पीतल की गदा अर्पण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस चरण में विशेष रूप से हनुमान मंदिरों में गदा वितरण को गति दी गई है, जो भक्ति और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।

इस अभियान की शुरुआत तहसील स्टेट स्कूल मंदिर से हुई और रामनगर मंदिर, चिखली थाना मंदिर, चिखली मंदिर, ढाबा रोड मंदिर, मोतीपुर मंदिर, नवागांव मंदिर, श्याम कॉलोनी मंदिर, बाबूटोला मंदिर, बसंतपुर मंदिर, क्लब चौक मंदिर, पेट्रोल पंप मंदिर, राम दरबार मंदिर गदा अर्पण किया गया। भगवान हनुमान के प्रति भक्तों की श्रद्धा को और मजबूत कर रहा है। नीलू शर्मा ने कहा, ष्यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहित करता है। आयोजन के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा, भजन और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। श्री हनुमान सेवा समिति ने सभी भक्तों और स्थानीय समुदाय से इस पुण्य कार्य में सहभागिता की अपील की है। इस अवसर पर शिव वर्मा, मनोज वर्मा, राजेंद्र राजपूत, नीलेश पटेल, दीपक देवांगन, भीखमचंद सिन्हा, विजय वैष्णव, सोनू परिहार, आशु डाहरिया, शुभम पात्रे, शुभम जंघेल, संतलाल, राजू वर्मा, संदीप वालस्कर, खिलेंद्र मानिकपुरी, विजय वैष्णव महाराज, सूरज डोंगरे, स्वाधीन नायक, रवि ठाकुर, शिवम देवांगन, कुंदन साहू, रविंद्र देवांगन, गिरधारी साहू, राकेश वर्मा, नरोत्तम साहू, दीपक देवांगन, अमित चौहान, दीपक साहू, रमेश साहू, रोशन देवांगन, शौर्य शर्मा, सुनील वर्मा, छोटू मानिकपुरी, करणपाल धर्मेंद्र यादव सहित हनुमान सेवा समिति के सभी सदस्य शामिल रहे।

## ग्राम जामरी के गली कीचड़ से लतपथ

**मुरमुंदा ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम जामरी के गली कीचड़ से लतपथ ब्लाक के ग्राम जामरी के गलियां कीचड़ से सना हुआ है मोहले वासी ग्राम पंचायत के पंच सरपंच को बार बार बोल दिया मगर कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता मोहले वासी के चन्द्रशेखर चौहान ने बताया कि वार्ड की इस गाली में 12माह कीचड़ रहता है हर घर नल योजना के तहत नल लगाया है नल का पानी मोहले में बहता है इसकी जानकारी पंच सरपंच सब पता है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता मोहले वासी इस गाली की मरम्मत नहीं किया तो आने वाले चुनाव में वोट नही डालने की घोषना किया गया है इसी गाली से स्कूल बच्चे भी जाते है कई बार तो सायकिल सहित बच्चे गिर जाते है वार्ड में पैदल चलना बड़ी मुस्किल है वार्ड वासी द्वारा ग्राम पंचायत क ो सीसी रोड बनाने की अपील किया है7



## जगतू राम साहु सेवानिवृत पर विदाई समारोह

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजाराम कारखाना भोथीपार खुर्द मे कार्यरत कर्मचारी जयपुर राम साहू का सेवानिवृत होने पर मजदूर साथियो ने सम्मान पूर्वक विदाई समारोह किया गया शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर निज निवास कोटराभाँटा पहुँचाया विदाई समारोह मे इंचार्ज जगदीश डाबी अब्दुल नईम शेख पीलू राम साहू लेख राम साहू योगेंद्र दास वैष्णव पालक यादव धनेशवर साहु विष्णु पटेल खेमचंद साहु जीवन साहु नेमचंद साहु तामु यादव मनोज यादव यादराम साहु लिखन देंवागन गुहा साहु सहित परिवारजन उपस्थित रहा।



## ग्राम किरगी में शाला प्रवेश उत्सव उमंग व उत्साह से मनाया गया

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** विधानसभा स्थित ग्राम किरगी में शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला



किरगी में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव उमंग व उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के तैल चित्र पर तिलक, वंदन व माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम की मुख्यातिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू अध्यक्षता एन. एल. कमरिया संकुल प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डिकेश्वरी राणा सरपंच किरगी थे। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने शाला प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए कहा आप सभी छात्र अपने भविष्य को गढ़ने की दिशा में एक वर्ष आगे अग्रसर हो रहे हैं। श्रीमती साहू ने बच्चों से उनका लक्ष्य पूछा और उन्हें अपना लक्ष्य अपना विजन तय कर उस दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक महेंद्र बघेल द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित होने से अतिथियों को अवगत कराया गया। शाला में विभिन्न प्रकार के पकवान भी बनाए गए। बच्चों को खीर पूड़ी खिलाकर साला प्रवेशोत्सव कराया गया। साथ ही गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वारेंद्र साहू, दुरदाशन साहू, ऐनकुमार साहू, जीवनलाल रजक, हुमनलाल, यू आर साहू, रामनारायण साहू श्याम साय पिस्दा, पंच एवं पालक गण तथा दोनो संस्था के शिक्षक श्याम लाल सिन्हा, राजकुमार सोनकर, प्रमोद साहू श्रीमती पद्मिनी साहू, अनुराग यदु की उपस्थिति रही।

**शुभांक**
**3-6-9**
**334-0 660-2**
**भाग्यांक**
**246-2 357-5**

# जिले में बारिश होते ही खेती-किसानी के कार्य में आयी तेजी

## कलेक्टर ने किसानों के लिए खाद-बीज के सतत आपूर्ति के निर्देश, जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण



**राजनांदगाव ( नांदगाव टाइम्स ) ।** जिले में बारिश होते ही खेती-किसानी के कार्य में तेजी आयी है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों के लिए खाद-बीज के सतत आपूर्ति के निर्देश दिए है। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सहकारी समितियों में खाद-बीज उपलब्धता की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए और उन्हें समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री प्रभात मिश्रा ने बताया कि जिले में खरीफ2025 अंतर्गत 30269.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल भंडारण का 60.27 प्रतिशत है। अब तक किसानों को 24652 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 8377 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 4107.6 मीट्रिक टन, डीएपी 2204.3 मीट्रिक टन, एनपीके 7772.7, पोटाश 2190.5 मीट्रिक टन है। किसानों को 5617.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जाना शेष है। जिसमें यूरिया 729 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 1829.3 मीट्रिक टन, डीएपी 559, एनपीके 1399.3 मीट्रिक टन, पोटाश 1100.9 मीट्रिक टन है। इसी तरह जिले में 10661 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है और किसानों को 9259.82 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है एवं 1401.18 क्विंटल बीज का वितरण शेष है। इसके तहत जिले में 10638.20 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है और किसानों को 9247.38 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है और 9247.38 क्विंटल धान का वितरण किया गया है एवं 1390.82 क्विंटल धान का वितरण शेष है।



## मोर धरती आबा कार्यक्रम शिविर प्रारंभ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन दवारा आयोजित कार्यक्रम मोर धरती आबा कार्यक्रम की शुरुआत हर पंचायत में सभी विभाग के कर्मचारियों को इस शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मार्री मे सरपंच प्रेमलता मार्शल दवारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर पुजा अर्चना कर के किया गया, कार्यक्रम में सभी वार्ड पंच ,कोटवार ,रोजगार सचिव,डाक्टर मितानीन, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी विभाग के कर्मचारी इस शिविर मे उपस्थिति थे आबा कार्यक्रम कि शुरूवात पर प्रकाश देते हुए किशन श्यामकुवर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मार्री ने भारत सरकार दवारा जनजातियो के उत्थान को लेकर उसमें जागरूकता लाने तथा शासन की सभी लाभान्वित योजनाओं को उन तक पहुचाने ,लाभ प्रदान करने पर प्रेरित किया है। शिक्षा विभाग की और से जनजातियो को मिलने वाली योजनाओं मे, छात्रवृत्तियाँ बालिका कक्षा तीसरी से पांचवी को दिया जाता है, परिक्षा एकलव्य ओर कन्या शिक्षा परिसर अंम्बागढ़ चौकी की परिक्षा सविस्तार पूर्वक बताया गया। शिविर मे घर- घर सर्वे करने,योजनाओ का क्रियान्वयन हो रहा है कि नही जानकारी रखना आदी को विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया।

## एनपीपीएस, बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने योगासना स्पर्धा में प्रथम प्रयास में 3 पदक जीते



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गत 1 जुलाई को जिला स्तरीय सब जूनियर-जूनियर-सीनियर योगासना खेल प्रतियोगिता का आयोजन शहर में हुआ, जिसमें जिले से लगभग 300 खिलाड़ियों ने इस इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने ट्रेडिशनल योगासना, एकल प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में तीन कांस्य पदक जीते। जिसमें सब जूनियर 10-14 वर्ष वर्ग में आरोह बोरकर, आर्ची शर्मा और दिव्या वर्मा तीनों ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू, सुषमा साहू सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## निगम आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के लिये टीम गठित की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये निगम अधिकारियो एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा है। आयुक्त ने उक्त नियंत्रण कार्य के लिये तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये 24 घंटे रोकथाम के उपाय,पानी भराव को रोकने सहित प्रभावितो के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा मो.नं. 70008 62950 को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे मो.नं. 79993 94145 वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा मो.नं. 79996 98498 को प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को सौपा गया है। इसके अलावा उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री सुषमा साहू, श्रीमती पिंकी खाती, सुश्री आयुषी सिंह,श्रीमती रोमाली शेण्डे, श्री तिलक राज ध्रुव, श्री मोनेन्द्र साठिया, श्री अशोक देवांगन व श्री डागेश्वर कर्ष को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी के लिये कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। जो तीनों शिफ्ट में प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानो की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गयी है। वही लेबर व्यवस्था व रेत की बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष व श्री युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के श्री लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है। इसी प्रकार रैनकोट,गैती,फावड़ा तगाड़ी आदि की व्यवस्था करने के लिये समयपाल श्री चिराग मेश्राम एवं विद्युत व्यवस्था के लिये सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को निर्देश दिये गये है। आकस्मिक वाहन व्यवस्था हेतु मोटर विभाग के श्री सुरेन्द्र साव व स्कूल में ठहरने की व्यवस्था के लिए राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर एवं राजस्व उप निरीक्षकों की ड्यूटी लगयी गयी है। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि टाका घर के मोटर प्रतिपालन विभाग को बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है और इसमें मो. नं. 92433 01408 में शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये भी सूचना दी जा सकेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी समयपाल श्री चिराग मेश्राम मो.नं. 78799 37771 को बनाया गया है। श्री मेश्राम को निर्देशित किया गया है कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये सूचना प्राप्त होते ही यथा समय अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे ।

### न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**-:: ईश्तहार ::-**

क्र.-202503090100008 अ/19 (3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरगा, प0ह0नं0-29 रा.नि.म. सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, आवेदक कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव द्वारा पत्र कमांक 797/त.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड / 2025 राजनांदगांव दिनांक 28/02/2025 के माध्यम से जल समूह जल प्रदाय योजनाओं के विभिन्न संरचनाओं हेतु निम्नानुसार भूमि आबंटन करने का अनुरोध किया गया है, जो निम्नानुसार है। 1. सम्पवेल हेतु ग्राम बरगा खसरा नं0 302 रकबा 4.8610हे0 एवं खसरा नं 230 रकबा 1.4740 हे0 में से 2.0234 हे0 रिकत शासकीय भूमि को आबंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है। पत्र के साथ आवेदित भूमि का नक्शा की प्रति तथा ग्राम पंचायत बरगा का पंचायत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव द्वारा भू-राजस्व संहिता एवं छ0ग0 शासन के अन्य सुसंगत नियमों के तहत् जांच एवं प्रतिवेदनार्थ माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय राजनांदगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 21/07/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार / उद्घोषणा आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक 02/07/2025.**
**सुनवाई दिनांक 21/07/2025.**

सील

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव**

## चिरंजीव का प्रयास में चयन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला थुहाडबरी के छात्र चिरंजीव कौशिक का प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के लिए चयन हुआ है। शाला परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 566.7 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 566.7 मिमी बारिश एवं औसत 81 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 79.6 मिमी, छुरिया तहसील में 68.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 66.8 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 56.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 151.1 मिमी दर्ज की गई है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं तेजेश्वर प्रसाद दुबे पिता श्री जगदीश प्रसाद दुबे निवासी नरसिंग वार्ड नं. 12, जयस्तंभ चौक डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरी पुत्री नृषा दुबे पिता तेजेश्वर प्रसाद दुबे जन्म प्रमाण पत्र में नाम अंकित हैं जिसे अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपनी पुत्री का वास्तविक व सही नाम नाव्या दुबे (NAVYA DUBE) पिता तेजेश्वर प्रसाद दुबे के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।
सुचना जाने ।

**भवदीय**
**( तेजेश्वर प्रसाद दुबे )**
**नरसिंग वार्ड नं. 12, जयस्तंभ चौक तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं नोमेश सिन्हा पिता श्री मानिकलाल सिन्हा निवासी ग्राम मुडपार पो. मुरमुंदा थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0म0 का निवासी हूं एव मेरे राजस्व अभिलेख में मेरा नाम एसकुमार (SKUMAR) पिता मानिकलाल अंकित हैं जिसे अपना नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना स्वयं का वास्तविक व सही नाम नोमेश सिन्हा (NOMESH SINHA) पिता मानिकलाल सिन्हा के नाम से जाना एव पहचाना जावे
सुचना जाने ।

**भवदीय**
**( नोमेश सिन्हा )**
**निवासी ग्राम मुडपार पो. मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं प्रेमलाल सूरी पिता श्री परदेशी सूरी निवासी ग्राम कोठीटोला पो. कोठीटोला थाना बागनदी तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरी पुत्री आधार कार्ड में मेरा नाम सुनीता सूरी (SINITA SURI) पिता प्रेमलाल सूरी अंकित हैं जिसे पुत्री नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपनी पुत्री का वास्तविक व सही नाम सुनीति (SNEETI) पिता प्रेमलाल सूरी के नाम से जाना एव पहचाना जावे
सुचना जाने ।

**भवदीय**
**( प्रेमलाल सूरी )**
**ग्राम कोठीटोला पो. कोठीटोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव**

### अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202506092100031 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गोपाल दम्मानी उम्र 41 वर्ष पिता स्व गिरधर लाल दम्मानी जाति माहेश्वरी निवासी गांधी वार्ड नं. 18 अग्रसेन चौक डोंगरगढ़ तह. पो. जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदिका के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य में नजूल शहर गांधी वार्ड नं. 18 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगावं (छ0ग0) में स्थित शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक क्रमशः 1471/3, 1525/2, क्षेत्रफल 1315, 1750 वर्गफ्ट कुल क्षेत्रफल 3085 वर्गफुट लगान 100 रूपये स्थित है। उक्त संयुक्त स्वामित्व की भूमि मे से अपने हक हिस्से की भूमि को अनावेदिका द्वारा आवेदक को दान में दे दिया, अनावेदिका द्वारा उक्त अपने हक हिस्से की भूमि को आवेदक के पक्ष में दिनांक 05.03.2025 को पंजीयत दान विलेख उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में उपस्थित होकर निष्पादित कर उक्त भूमि का आधिपत्य सौप दिया है। उक्त दान पत्र विलेख के अधिकार से आवेदक उक्त भूमि का भूमि स्वामी एवं आधिपत्यधारी है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख से अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ. ग.)**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

**// ईश्तहार //**

क्र.3046/ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर चौहान पिता स्व0 नारायण सिंह चौहान, निवासी तुलसीपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रेवाडीह, पटवारी हल्का नंबर 37. खसरा नंबर 34/6 रकबा 0.0450 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति, इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 11/07/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक 4145/ वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 02/07/2025
रा.प्रक- 202507-291500001
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण मुकेश कुमार गुप्ता आ0 मनिकलाल गुप्ता एवं अन्य 04 सभी निवासी वार्ड कमांक-07 गोलबाजार खैरागढ़ जिला - के0सी0जी0 के अधिवक्ता श्री राजीव चंद्राकर द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार, ब्लाक नं-06 स्थित भूखण्ड कमांक-250/1 कुल क्षेत्रफल 1295 वर्गफूट संयुक्त नाम पर तथा भूखण्ड कमांक 659 कुल क्षेत्रफल 2250 वर्गफूट अकेले के नाम पर दर्ज है। सह-खातेदार की मृत्यु दिनांक 23.03.2020 को हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक 4147/ वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 02/07/2025
प्र.क्र. 20250729150002
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/केता लक्की श्रीवास्तव आ0 ललित श्रीवास्तव एवं अन्य 01 निवासी वार्ड कमांक'-20 एलआईजी-499 दुर्ग जिला-दुर्ग द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लॉक नं-01, भू-खण्ड भूखण्ड कमांक-16/1 का टुकड़ा कुल क्षेत्रफल 79,374 वर्गफूट में से 7800 वर्गफूट को पंजीकृत विकयपत्र दिनांक 03.06.2025 के माध्यम से अनावेदक / विकेतागण सावंत बहादुर एवं जन्मेजय बहादुर दोनों पिता जयंत बहादुर तथा संजय बहादुर आ0 शंकर बहादुर सभी निवासी रायपुर जिला रायपुर से कय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

## डिलापहरी मिडिल स्कूल में विषय विशेषज्ञों शिक्षकों की कमी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** ग्राम डिलापहरी



मिडिल स्कूल में शिक्षको की कमी को लेकर स्कूल में अध्यनरत बच्चे और उनके पलक आक्रोशित है। जिससे बच्चों का भविष्य अंधकार मय है। जल्द ही शिक्षकों की कमी को पूरा नही करते है तो चक्का जाम करेंगे जिनकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डिलापहरी के मिडिल स्कूल में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी के शिक्षक नहीं हैं, विगत 3-4 वर्षो से उपरोक्त विषय के शिक्षक नहीं हैं, जिसके संबंध में स्कूल द्वारा कई बार लिखित में दिया जा चुका है किन्तु आज 04 जुलाई दिनॉक तक मिडिल् स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हुई है आगामी 15 दिवस के भीतर यदि उक्त विषय के शिक्षक नहीं आते है तो मिडिल स्कूल में जितने भी बच्चे अध्ययनरत है, उनके पालक अपने बच्चों सहित चक्का जाम करेंगें जब तक शिक्षक नही आते हैं, तब तक जारी रहेगी।

## ज्ञान मंथन

*1) सीमा शुल्क किस प्रकार का कर है?*

*2) भारत का पहला वाणिज्यिक बैंक कौन सा था?*

*3) हाल ही में मंगल ग्रह के लाल रंग का संबंध किस लौह-युक्त खनिज से पाया गया है?*

*4) हाल ही में खबरों में रही रुशिकुल्या नदी किस राज्य से होकर बहती है?*

*5) हाल ही में किस राज्य में एक दुर्लभ पेट्रीफाइड जीवाश्म पाया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अप्रत्यक्ष कर (2) बैंक ऑफ हिंदुस्तान (3) फेरिहाइड्राइट (4) ओडिशा (5) झारखण्ड

# कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए अमरकंटक में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की सुविधा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सेवा के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा की गई अमरकंटक में निःशुल्क भोजन व विश्राम की व्यवस्था इस वर्ष 11 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है इस अवसर पर कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए कठिन यात्रा करके पहुँचते हैं। कांवड़ यात्रियों की सेवा और उनकी इस यात्रा को सुखद बनाने के लिए विगत 3 वर्षों से पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अमरकंटक में पूरे सावन माह तक निःशुल्क भोजन एवं विश्राम हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसी कड़ी में चौथे



वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा दिनांक 11 जुलाई से 6 अगस्त तक कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा हेतु मेला मैदान,नया नगर पालिका परिसर,अमरकंटक जिला अनुपपुर में भोजन एवं विश्राम हेतु ठहरने की निःशुल्क सुविधा का लाभ कांवड़ यात्रियों को मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन यहां पधारने वाले हजारों भक्तों के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य महारती का आयोजन भी यहां किया जाता है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के लिए भावना बोहरा द्वारा उनके संस्थान के माध्यम से 9755359004 एवं 9754462000 मोबाइल नम्बर भी जारी किया गया है जिसमें संपर्क करके अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का डिजिटल भुगतान

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया च ल रही है । इस हेतु छात्र-छात्राओं के प्रवेश शुल्क के लिए डिजिटल माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की गई है । प्रवेश शुल्क के नगद भुगतान के स्थान पर डिजिटल



पेमेंट को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है । प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । इसके तहत 05 जून से 15 जून तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के पोर्टल से विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरा था । 16 जून को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन हुआ । मेरिट में आए विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अवधि 16 जून से 20 जून थी । द्वितीय चरण की प्रक्रिया भी अब आरंभ हो चुकी है । ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन करने की तिथि 21 से 30 जून तक है । द्वितीय मेरिट सूची का प्रकाशन 1 जुलाई को हो गया है । मेरिट सूची के विद्यार्थी 01 से 07 जुलाई तक महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे । विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए में 10वीं, 12 वीं की अंकसूची की छायाप्रति, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र और चरित्र प्रमाण-पत्र की मूलप्रति, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एबीसी आईडी, आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा । छत्तीसगढ़ के बाहर के विद्यार्थियों के लिए पात्रता प्रमाण-पत्र और माइग्रेशन सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होगा । जिन विद्यार्थियों ने 2025 से पूर्व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए नोटरी द्वारा सत्यापित गैप सर्टिफिकेट लगाना होगा । असुविधा से बचने के किए इन दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय अवश्य पहुँचें । इस बार प्रवेश शुल्क का भुगतान ऑनलाइन हो रहा है, इसलिए विद्यार्थी अपने साथ मोबाइल लेकर अवश्य पहुँचें । महाविद्यालय में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क का एक गठन भी किया गया है । तृतीय चरण की प्रक्रिया 08 जुलाई से आरम्भ होगी ।

## अभाविप के पुनः जिला संयोजक बने जीत प्रजापति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छात्र जीवन में राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त दिशा देने वाले विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप )के छत्तीसगढ़ प्रांत का तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग दिनांक 27 से 29 जून तक माँ महामाया की पावन भूमि अंबिकापुर में



आयोजित किया गया। इस अभ्यास वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी जिलों के आए कार्यकर्ताओं को वैचारिक विषयों, कार्यपद्धति, संगठनात्मक कौशल एवं नेतृत्व विकास से संबंधित विविध सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए संगठन की दिशा एवं गति तय करने वाला रहा इस महत्वपूर्ण अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों की भी घोषणा किया गया जिसमे राजनांदगांव जिले के सक्रिय कार्यकर्ता जीत प्रजापति को पुनः राजनांदगांव के जिला संयोजक दायित्व दिया गया है वह लगभग छः वर्षों से अभाविप के कार्यकर्ता के रूप में छात्रहित के लिए सक्रिय होकर कार्य कर रहा है व पूर्व में राजनांदगांव के नगर कार्यकारणी सदस्य,नगर महाविद्यालय सह प्रमुख, नगर सहमंत्री, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जैसे महत्त्वपूर्ण दायित्वों का निस्वार्थ भाव से सफलता पूर्वक निर्वहन किया है।



## लीज खत्म होने के बाद भी ठेकेदार डाल रहा तालाब में जाल

राजेश मेश्राम

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में तालाब ठेकेदार द्वारा 28 जून 2025 को लीज खतम होने के बाद भी जाल डालकर मछली निकाला जा रहा है, जिस पर ग्राम पंचायत की सरपंच वंदिता उके द्वारा कड़ा ऐतराज जताया है, विदित हो कि ग्राम जोंधरा में स्थित बड़े तालाब को दस साल के लिए मछुआरे समूह को लीज में बेचा जाता है, पिछले दस साल के लिए दल्लीराजहरा निवासी को उक्त तालाब बेचा गया था जिसकी अवधि 28 जून को समाप्त हो गया है, बावजूद इसके वो 01 जुलाई को पुनः तालाब में मछुआरों को लाकर मछली निकाल लिया जिसकी जानकारी होने पर ग्राम पंचायत की सरपंच वंदिता उके तालाब पंहुचकर ठेकेदार को समझाइश दी कि वो अब तालाब मे जाल ना डाले नही तो पंचायत द्वारा इसकी शिकायत की जायेगी। पंचायत की सरपंच वंदिता उके ने समझाईश देते हुए कहा है कि नियम विरुद्ध कार्य करोगे तो निश्चय ही कानूनी कार्यवाही करनी पड़ेगी, साथ ही उन्होने ठेकेदार को गैर कानूनी कार्य करने के लिए उकसाने वालों पर भी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## ९सरस्वती उच्च. माध्य. विद्या मंदिर राजनांदगांव में किया गया च्स्मरण शक्ति विकास कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । सरस्वती उच्च. माध्य. विद्या मंदिर राजनांदगांव में किया गया च्स्मरण शक्ति विकास कार्यशालाज् का आयोजन । स्कूल के प्राचार्य बी.एल. कश्यप सर कार्यक्रम को अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष और प्रमुख अतिथि श्री रोहित तेलंग ने प्रथमता माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात प्राचार्य सर द्वारा प्रमुख अतिथि श्री रोहित तेलंग सर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित लगाई । स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी आचार्य भी कार्यशाला में सहभागी थे। इस कार्यशाला का आयोजन मेटा माईंड अकेडमी की ओर से स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकों के लिए किया गया था। मेटा माईंड अकेडमी के डायरेक्टर एवं मेमोरी कोच श्री रोहित तेलंग सर ने प्रमुख वक्ता के रूप में बच्चों को मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में मेटा माईंड अकेडमी की टीम से गोविंद एन्नावार और अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के विषयांतर्गत स्मरण शक्ति विकास, बौद्धिक विकास इन विषयो पर मार्गदर्शन किया गया। मेमोरी कोच श्री रोहित तेलंग सर ने बच्चों को किसी भी विषय को एकदम आसान तरीके से कैसे पढ़ा और याद किया जा सकता है। इस पर आधारित महत्वपूर्ण मेमोरी तकनीक से बच्चों को अवगत कराया। आसान तरीको से कोई भी कठिन से कठिन विषयों पर प्रभुत्व हासिल करने के लिए इन मेमोरी तकनीको का उपयोग बच्चों ने पढ़ाई के दौरान करना चाहिए।

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी को आना चाहिए तैरना : कलेक्टर गोपाल वर्मा



पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि सभी को तैरना आना चाहिए। यह न केवल एक कला है, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे सरल और सशक्त उपाय भी है। यह बात जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, कवर्धा में आयोजित एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कवर्धा में राष्ट्रीय स्तर के तैराकी प्रतियोगिता के लिए अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल की सुविधा उपलब्ध है, जिसका उपयोग बच्चों को करना चाहिए। उन्होंने जब विद्यार्थियों से पूछा कि कितने बच्चों को तैरना नहीं आता, तो बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथ उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण बच्चों के आत्मबल और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, और ये जीवन भर काम आते हैं।

# कवर्धा शहर में विशेष यातायात अभियान - नियम उल्लंघन पर पुलिस की सख्त कार्यवाही



पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। खासकर विगत दिनों बस चालकों को पेट्रोल पंप में ईंधन भरवाने हेतु गलत दिशा से प्रवेश करने पर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद सुधार नहीं लाया गया। लगातार मुख्य मार्ग पर गलत दिशा से बस ले जाने की गंभीर लापरवाही को देखते हुए 30 जून को संबंधित बस चालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अभियान के अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना नंबर प्लेट, सिग्नल जंप, रिफ्लेक्टर व पार्किंग लाइट के अभाव, बिना हेलमेट, एवं आदेशों की अवहेलना जैसे अन्य गंभीर उल्लंघनों पर भी नियमानुसार समन शुल्क वसूलते हुए कड़ी कार्वाई की गई।

**कुल प्रकरण - 23, कुल समन शुल्क - ?13,200**

इस अभियान में एसडीओपी श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, यातायात प्रभारी श्री अजयकांत तिवारी, डीआरजी एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दें।

## धर्म समाचार....

# रहस्यों से भरा है राजस्थान का किराडू मंदिर, यहां सूरज डूबते ही इंसान बन जाते हैं पत्थर!

कहते हैं कि किराडू मंदिर में शिवजी के दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इसके लिए देवों के देव महादेव को चराचर का स्वामी कहा जाता है। शिव जी के शरण और चरण में रहने वाले साधकों को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

धर्म डेस्क, नई दिल्ली। राजस्थान अपनी विरासत के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इस राज्य में कई प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। देव दर्शन के लिए देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजस्थान आते हैं। इनमें ब्रह्मा मंदिर, करणी माता मंदिर, खाटूश्याम जी मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर, सालासर बालाजी मंदिर, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, दिलवाड़ा जैन मंदिर, एकलिंगजी मंदिर, हरिहर मंदिर, रणछोड़ मन्दिर आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही राजस्थान कई रहस्यमयी मंदिर और स्थान के लिए जाना जाता है। इनमें राजस्थान का किराडू मंदिर बेहद प्रसिद्ध है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि शाम ढलने के बाद कोई नहीं रुकता है। अनदेखी करने से व्यक्ति के साथ कोई न कोई अनहोनी जरूर होती है। आइए, राजस्थान स्थित किराडू मंदिर के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**कहां है किराडू मंदिर ?**



राजस्थान के बाड़मेर जिले में रहस्यमयी मंदिर है। यह मंदिर शहर से तकरीबन 40 किलोमीटर दूर है। इस मंदिर में देवों के देव महादेव विराजते हैं। दक्षिण भारत की वास्तु शैली में किराडू मंदिर का निर्माण कराया गया है। रहस्यों से भरे किराडू मंदिर को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

**कैसे पहुंचे किराडू मंदिर ?**

अगर आप देव दर्शन के लिए किराडू मंदिर जाना चाहते हैं, तो आप यात्रा के सभी माध्यम से बाड़मेर पहुंच सकते हैं। श्रद्धालु नई दिल्ली एयरपोर्ट से जोधपुर पहुंच सकते हैं। जोधपुर से बाड़मेर बस से जा सकते हैं। इसके साथ ही श्रद्धालु बस या ट्रेन के माध्यम से भी बाड़मेर पहुंच सकते हैं।

**किराडू मंदिर का इतिहास**

इतिहासकारों की मानें तो किराडू मंदिर का निर्माण परमार वंश के शासकों ने कराया है। किराडू मंदिर का इतिहास एक हजार साल पुराना है। आसान शब्दों में कहें तो किराडू मंदिर एक हजार साल पुराना है। इस मंदिर को द्रविड़ वास्तुकला शैली में बनाया गया है। किराडू मंदिर वास्तुकला का अनुपम उदाहरण है। किराडू मंदिर में सोमेश्वर महादेव मंदिर सबसे बड़ा है।

**किराडू मंदिर की कथा**

स्थानीय जानकारों की मानें तो किराडू मंदिर बेहद रहस्यमयी है। मत है कि प्राचीन समय में एक संत इस गांव में आए थे। उन्होंने रहने के लिए किराडू को चुना। एक बार की बात है संत किसी काम के चलते दूसरी जगह पर गए थे। उस समय उन्होंने अपने शिष्यों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी थी। हालांकि, उनके शिष्यों में किसी एक की सेहत बिगड़ गई। उस शिष्य की किसी ने मदद नहीं की। गांव के सभी लोगों ने मुंह मोड़ लिया। तब गांव की एक महिला ने शिष्य की सेवा और सहायता की। इससे शिष्य स्वस्थ हो गया। जब संत वापस गांव लौटे तो उन्हें शिष्य के बीमार होने की सूचना मिली। यह जान संत ने गांव वालों को श्राप दे दिया कि शाम होने के बाद तुम सभी पत्थर में बदल जाओगे। हालांकि, महिला को यह कहा कि हे देवी! आप जल्द गांव छोड़कर चली जाओ और जाते समय पीछे मुड़कर मत देखना। यह गांव आज के बाद वीरान हो जाएगा।

## क्या आप जानते हैं कुछ लोगों को फलता है दक्षिण मुखी घर

दक्षिण मुखी घर को लेकर लोगों में कई तरह की धारणाएं हैं। जिनकी कुंडली में मंगल मजबूत होता है उनके लिए यह घर ऊर्जा का स्रोत हो सकता है। यह घर इंडस्ट्रियल स्पेस या वर्क प्लेस के लिए भी अच्छा माना जाता है। जानिए इसके बारे में खास बातें... अक्सर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि दक्षिण मुखी यानी साउथ डायरेक्शन का घर नहीं लेना चाहिए। ऐसा घर फलता नहीं है। मगर, क्या यह बात पूरी तरह से सही है। क्या दक्षिण मुखी घर किसी को नहीं फलता। यदि आपका घर भी दक्षिण दिशा में बना है, तो क्या उपाय कर सकते हैं। अगर, आपके भी मन में यह सवाल है, तो आज हम आपको इसके फायदों के बारे में बता देते हैं। मगर, इन बातों को मानने से पहले किसी योग्य ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए। जिस व्यक्ति की कुंडली में मंगल मजबूत स्थिति में है, उनके लिए दक्षिण मुखी घर ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत हो सकते हैं। ऐसे लोग जमीन-जायदाद के मामले में अच्छी ग्रोथ हासिल करते हैं।




**इन लोगों के लिए होता है फायदेमंद**

दक्षिण मुखी घर को इंडस्ट्रियल स्पेस या वर्क प्लेस के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो सफलता और समृद्धि मिल सकती है। जनसंपर्क, मीडिया और फिल्म उद्योग के लिए दक्षिण मुखी मकान अच्छे साबित हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को ऐसी दिशा के घर फलते हैं। यदि वास्तु के अनुसार बनाया गया हो, तो दक्षिण मुखी घर के कई फायदे हो सकते हैं। सूर्य की रोशनी और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ठीक हो, तो ऐसे घर से कई तरह के फायदे होते हैं। दक्षिण मुखी घर में पूरे दिन पर्याप्त धूप आती है, जिससे घर में ऊर्जा और सकारात्मकता बनी रहती है। दरअसल, सूर्य की ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। दक्षिण मुखी घर में सूर्य की किरणें घर में लंबे समय तक बनी रहती हैं। इससे घर में लगातार सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# प्रिंस एंड प्रिंसेस प्रतियोगिता के नतीजे घोषित

## कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर बिखेरे अपने जलवे







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पद में आयोजित प्रिंस एंड प्रिंसेस प्रतियोगिता में संस्कारधानी के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने अपने-अपने जलवे बिखेर कर आमंत्रित अतिथियों सहित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया प्रतिस्पर्धा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं।प्रिंस एंड द प्रिंसेस का राजनांदगांव सेशन 3 का आयोजन हुआ। 29 जून को ऑडिटरियम गौरव पथ राजनांदगाव जिसपे 200 से भी ज्यादा बच्चो ने इस प्रतियोगिता पे अपना प्रदर्शन किया । जिसपे 4-9 वर्ष पे लड़को पे मानविक सेठिया प्रथम , धैर्य आहूजा दूसरा स्थान, कौशलेन्द्र साहू तीसरा स्थान वही लड़कियों पे सिद्धि साहू प्रथम, हनाया बत्रा दूसरा स्थान, शनाया साव तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10-15 वर्ष पे लड़को पे अविष्य आहूजा प्रथम, डार्विन साहू दूसरा स्थान, लक्ष्य कुर्रे तीसरा स्थान प्राप्त किया । लड़कियों पे ख्याति पटेल प्रथम, तनिष्का जोशी दूसरा स्थान, मनरूप कौर भटिया तीसरा स्थान प्राप्त किये । 16-20 वर्ष पे लड़को पे अंशदीप सिंह प्रथम, कुनाल साहू दूसरा स्थान, मयंक बांधे तीसरा स्थान, लड़कियों पे मीनाक्षी यादव प्रथम, श्रद्धा हरिहारणों दुसरा स्थान , डिम्पल साहू तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रोग्राम को आयोजित वैलेंटीनो डांस स्टूडियो नटराज डांस क्लास 3ह्स्त्र ऑई प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुशुदान यादव, नीरज बाजपाई, सुगंध गांधी, छत्तीसगढ़ सुपरस्टार मन कुरैशी, कांग्रेस युवा नेता संदीप सोनी आदि शामिल हुए।

## एनपीपीएस, बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने योगासना स्पर्धा में प्रथम प्रयास में 3 पदक जीते

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन राजनंदगांव द्वारा 1 जुलाई को चौथी जिला स्तरीय



सब जूनियर-जूनियर-सीनियर योगासना खेल प्रतियोगिता का आयोजन शहर में कराया गया, जिसमें जिले से लगभग 300 खिलाड़ियों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग के 14 विद्यार्थियों ने ट्रेडिशनल योगासना, एकल प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में तीन कांस्य पदक जीते। जिसमें सब जूनियर 10-14 वर्ष वर्ग में आरोह बोरकर, आर्ची शर्मा और दिव्या वर्मा तीनों ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू, सुषमा साहू सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## रामनगर एवं दीवान पारा में सीमेंट कांक्रिटींग रोड और नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने की कडी में आज वार्ड नं. 7 के रामनगर में तथा वार्ड नं. 24 के दीवान पारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड एवं नाली निर्माण के लिए दोनो वार्ड में अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री



मधुसूदन यादव ने पूजा अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन किया। वार्ड नं. 24 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद श्री रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद श्री विजय राय तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्री सौरभ सिंह राजपूत व श्री शिवम यादव तथा वार्ड नं. 7 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुश्री तृप्ती पात्रे, समाजसेवी श्री सुमीत भाटिया, श्रीमती शांति पात्रे विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो के लिए राशि स्वीकृत किए, जिससे पार्षदों की सहमति से विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कडी में आज रामनगर एवं दीवान पारा में सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जायेगा,ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य पार्षद की अनुशंसा से प्राथमिकता तय कर वार्डो में कराया जायेगा। रामनगर में आयोजित भूमिपूजन के पूर्व मधु साहू, मंजूषा मण्डले, गायत्री शर्मा, मीरा वर्मा, वनिता मिश्रा, प्रदीप सिंह, विनोद भारती, सौरभ श्रीवास्तव, चंद्रभान जंघेल, महेश मोहबिया ने एवं दीवान पारा में भूमिपूजन के पूर्व मुन्ना लाल केमे, अशोक यादव, धन्नु केमे, सुनीता यादव, लता यादव, योगेश्वरी यादव, लता घोषाल, प्रीति शर्मा ने महापौर सहित पार्षदो का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

## पंजाब नेशनल बैंक बालोद में उप प्रबंधक पदस्थ कामतूराम ठाकुर के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें दी गई विदाई

**बालोद/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला मुख्यालय बालोद के रामदेव चैक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ उप प्रबंधक श्री कामतूराम ठाकुर के आज 60 वर्ष की आयु पूरा करने के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भावभिनी विदाई दी



गई। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री ठाकुर के सहज, सरल, सौम्य एवं मधुर व्यवहार के अलावा उनके बेहतर कार्य की सराहना करते हुए सेवानिवृत्त होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि श्री कामतू ठाकुर के एक संवेदनशील एवं बेहतरीन इंसान होने के साथ-साथ एक दक्ष, कार्य के प्रति समर्पित, समय के पाबंद एवं बहुत ही कुशल अधिकारी रहे हैं। श्री ठाकुर शासकीय सेवा में जहाँ भी पदस्थ रहे अपने उत्कृष्ट कार्य एवं व्यवहार से सभी लोगों के दिल में अपना विशिष्ट पहचान कायम रखने में सफल हुए हैं। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री कामतू ठाकुर के उज्ज्वल, यशस्वी, दीर्घायु एवं सफल, सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि श्री कामतू राम ठाकुर बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गैंजी के मूल निवासी है।

उन्होंने बहुत गरीबी एवं घोर विपरित परिस्थितियों का सामना करते हुए शासकीय सेवा में चयनित होकर आज वे इस मुकाम पर पहुँचे हैं। विदाई समारोह के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री होरीलाल रावटे, बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी श्री चन्द्रेश ठाकुर, हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश ठाकुर, पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं श्री कामतू राम ठाकुर की धर्मपत्नी और उसके परिजन उपस्थित थे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के सड़क सिंघोला से भोथीपार खुर्द पहुंच मार्ग पर जानलेवा गड्ढे ही गड्ढे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघोला से भोथीपार खुर्द पहुंच मार्ग पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए है जिसमे जानलेवा गड्ढे के बीच राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल। राजनांदगांव विधानसभा के विधायक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा में विकास की परचम चारों तरफ लहरा रही है विकास के कार्य बिना मांगे ही राजनांदगांव विधानसभा को मिलती ही आ रही है। पर इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र वासियो में भारी आक्रोश पनप रही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं खेती किसानी काम करने वाले मजदूर एवं कृषि कार्य से संबंधित कार्य के लिए हजारों लोग इस मार्ग से ही आवाजाही करते हैं।





## लायंस क्लब ऑफ नादंगॉव के द्वारा सी ए व डाक्टर्स को बधाई दी गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लायंस क्लब ऑफनादंगॉव के द्वारा सी ए व डाक्टर्स को बधाई दी गई। सी ए व डाक्टर्स डे पर लायंस क्लब ऑफ नादंगॉव के द्वारा सी ए व डाक्टर्स के आफिस मे जा कर सी ए राहुल ललवानी व सी ए सुरभि ललवानी डाकटर अनिरुद्ध गांधी व डाक्टर सुगंध गांधी को बधाई दी गई। इस अवसर पर एमजेएफ लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी, पूर्व अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल, सचिल लायन योगेश गुप्ता ने जाकर बधाई दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com